हरिभूमि
बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 19 अक्टूबर 2026
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

11 एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में गरबा महोत्सव की धूम...



12 नवरात्रि पर पतंजलि योग समिति ने किया यज्ञ-हवन...



नवरात्रि विशेष



नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कंडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है- सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि। सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

बारगांव के हॉकी खिलाड़ियों ने जीते 4 स्वर्ण पदक, बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

26वीं राज्य स्तरीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग का शानदार प्रदर्शन

ग्रामीण अंचल की खेल प्रतिभाओं ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के दम पर राज्य स्तर पर सफलता का परचम लहराया है। राजधानी रायपुर में आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा हॉकी प्रतियोगिता में बेमेतरा जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव एवं देवरी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण पदक हासिल किए। अंडर-14 वर्ष बालक-बालिका वर्ग की प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व कर रहे खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जिले का गौरव बढ़ा है। प्रतियोगिता में बारगांव के प्रतिभावान खिलाड़ियों प्रकाश प्रजापति, भूषण साहू, गूंजा साहू और अनन्या निषाद ने अपने खेल कौशल, बेहतरीन तालमेल और मजबूत रणनीति से प्रभावित किया। लीग मुकाबलों से लेकर फाइनल तक दुर्ग संभाग की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए खिताबी मुकाबलों में जीत दर्ज की। खिलाड़ियों की इस सफलता ने साबित कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत उन्हें उचित मार्गदर्शन और अवसर देने की है।

- कोच तुलसी साहू के मार्गदर्शन में मिली सफलता

कोच तुलसी साहू के मार्गदर्शन में मिली सफलता

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि में व्यायाम शिक्षिका एवं हॉकी कोच तुलसी साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने नियमित अभ्यास, अनुशासन और बेहतर खेल तकनीक के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए तैयार किया। सीमित खेल सुविधाओं के बावजूद खिलाड़ियों ने मैदान पर कड़ी मेहनत की, जिसका परिणाम चार स्वर्ण पदकों के रूप में सामने आया।



ग्रामीण प्रतिभाओं ने पेश की मिसाल

विद्यालय के प्राचार्य श्याम सिंह ने खिलाड़ियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण बच्चों ने साबित किया है कि प्रतिभा बड़े संसाधनों की मोहताज नहीं होती। सीमित सुविधाओं के बीच कड़ी मेहनत कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतना विद्यालय और जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ कोच तुलसी साहू के प्रयासों की सराहना की। कोच तुलसी साहू ने कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। सही ▶▶| शेष पेज 11 पर

सौगात : विधायक दीपेश साहू ने नाली निर्माण के लिए 10 लाख रुपए अतिरिक्त देने की घोषणा की

खमरिया एम में 57 लाख के विकास कार्यों की सौगात, उप स्वास्थ्य केंद्र का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम खमरिया एम में लगभग 57 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू ने लगभग 28 लाख रुपये की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र सहित नाली निर्माण, सीसी रोड और माध्यमिक विद्यालय भवन से संबंधित कार्यों की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने गांव में नाली निर्माण के लिए 10 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि देने की घोषणा की। विधायक दीपेश साहू ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया और पूर्ण हो चुके कार्यों का लोकार्पण किया। इन विकास कार्यों से गांव में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के साथ ही सड़क, नाली और शिक्षा से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

- स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को मिलेगी गति



उप स्वास्थ्य केंद्र बनने से ग्रामीणों को मिलेगी सुविधा

ग्राम खमरिया एम में उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण से स्थानीय ग्रामीणों सहित आसपास के गांवों के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। सामान्य बीमारियों के उपचार, स्वास्थ्य परामर्श और प्राथमिक चिकित्सा के लिए ग्रामीणों को दूरस्थ स्वास्थ्य केंद्रों पर निर्भरता कम होने की उम्मीद है। वहीं, नाली निर्माण और सीसी रोड जैसे कार्यों से गांव में आवागमन की सुविधा बेहतर होने के साथ जल निकासी की समस्या के समाधान में भी मदद मिलेगी। माध्यमिक विद्यालय भवन से संबंधित कार्यों से शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं।

स्वस्थ समाज और सशक्त गांव विकास की नींव : दीपेश साहू

विधायक दीपेश साहू ने कहा कि स्वस्थ समाज और सशक्त गांव विकसित छत्तीसगढ़ की मजबूत नींव हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के साथ शिक्षा, सड़क, नाली और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि ग्राम खमरिया एम में विकास कार्यों के पूरा होने से ग्रामीणों को सुविधाएं मिलेंगी और गांव के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही। **जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की रही मौजूदगीः** कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बलराम पटेल, जिला पंचायत सभापति प्रीतम चंदेल, मंडल अध्यक्ष सेवाराम साहू, जनपद सदस्य नीरज राजपूत, जनपद सदस्य संतोषी अश्वंत निषाद, रोहित साहू, लीलाराम साहू, देवरबीजा सरपंच हेमलाल देवांगन, युवा मोर्चा अध्यक्ष सूखेन्द यादव, सरपंच सुकून स्वरूपा नंद साहू और उपसरपंच गुलाब राम साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

त्योहारों से पहले पुलिस की सख्ती 55 बदमाशों की हुई सघन चेकिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवरात्रि, दशहरा और आगामी त्योहारों के दौरान जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए बेमेतरा पुलिस ने असामाजिक और आपराधिक तत्वों पर निगरानी तेज कर दी है। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों के 55 लोगों की सघन चेकिंग की गई। इनमें 21 निगरानी बदमाश, 21 गुंडा बदमाश और आबकारी के पांच से अधिक प्रकरणों वाले 13 व्यक्ति शामिल हैं। पुलिस कंट्रोल रूम बेमेतरा में हुई चेकिंग के दौरान संबंधित व्यक्तियों की वर्तमान गतिविधियों, आवागमन और घूमने-फिरने के स्थानों सहित अन्य आवश्यक ▶▶| शेष पेज 11 पर

- एसपी त्रिलोक बंसल ने दी चेतावनी, आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त मिले तो होगी कड़ी कार्रवाई

एसपी ने दी सख्त चेतावनी

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान शांति भंग करने या किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में संलिप्तता पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का उद्देश्य त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना है। चेकिंग के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. हरीश यादव, एसडीओपी भूषण एक्का, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो सहित विभिन्न थाना एवं चौकी के पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

कबाड़ी के संचालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

भिलाई। लंबे समय से फरार चल रहे कबाड़ी तिरंगा चौक छावनी निवासी सुरेश पाण्डेय को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा है। जामुल पुलिस ने बताया जामुल क्षेत्र के देवनगर एवं शिवपुरी में वर्ष 2025 के दौरान लोहे के एंगल, तार जाली चोरी होने को लेकर पुलिस में शिकायत हुई थी। जांच के बाद पुलिस को कई क्लू मिले, उसी आधार पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पाण्डेय कबाड़ी के शंकर नगर, छावनी स्थित गोदाम में दबिश दिया। जहां से चोरी का स्क्रैप माल जब्त किया गया। गिरफ्तार हुए गोदाम मैनेजर नरसिंह यादव से पूछताछ करने पर कई अहम जानकारी पुलिस को दी। देवनगर, शिवपुरी, जामुल समेत अन्य क्षेत्रों में लोहे का सामान चोरी कर गोदाम में रखने को लेकर तथ्य सामने आया।

घर में बलात प्रवेश कर दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की कैद

भिलाई। घर में बलात प्रवेश कर दुष्कर्म करने वाले को कोर्ट ने 20 साल के कारावास से दंडित किया। न्यायाधीश अवध किशोर के न्यायालय से यह फैसला आया। मामले में आरोपी बृजगोपाल यादव को न्यायालय ने धारा 332 बी में 7 वर्ष कैद और 100 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। राशि अदा नहीं करने पर उसे 7 दिन का सजा भुगतनी होगी। वहीं धारा 64 में 20 वर्ष कैद और 500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को 15 दिन अतिरिक्त कारावास में रहना होगा। इसी प्रकार धारा 115 (2) में 1 वर्ष की सजा सुनाई गई। मामले में शासन की तरफ से पैरवी सरकारी वकील संजय सिंह ने की। प्रकरण के मुताबिक घटना 2 फरवरी 2025 की रात करीब 12 बजे से साढ़े 12 बजे के बीच की है।

नशामुक्त भारत का संदेश लेकर बेमेतरा पहुंची बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय एकता, अखंडता और नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश लेकर निकली राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली रविवार को बेमेतरा पहुंची। भारत माता चौक पर पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल और नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के नेतृत्व में रैली का स्वागत किया गया।

इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स, पुलिस अधिकारियों और आम नागरिकों ने बाइक राइडर्स का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में एसपी और नपाध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर रैली को कबीरधाम जिले की सीमा की ओर रवाना किया। कार्यक्रम में करीब 350 से 400 लोगों की सहभागिता रही। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर को गुजरात के एकता नगर में आयोजित होने वाली मुख्य परेड में शामिल होने के लिए राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली निकाली जा रही है। पहली बार आयोजित इस रैली का उद्देश्य 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' और 'नशामुक्त भारत, सशक्त भारत' का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। रैली ओडिशा से छत्तीसगढ़ पहुंचने के बाद रायपुर होते हुए बेमेतरा आई। सिमगा-बेमेतरा सीमा पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. हरीश यादव ने बाइक राइडर्स का स्वागत किया। इसके बाद रैली राष्ट्रीय राजमार्ग से होते हुए भारत माता चौक पहुंची, जहां पुलिस अधिकारियों, विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट्स और नागरिकों ने रैली में शामिल सदस्यों का अभिनंदन किया। ▶▶| शेष पेज 11 पर

- भारत माता चौक पर एसपी त्रिलोक बंसल और नपाध्यक्ष विजय ने किया स्वागत



नशे से परिवार और समाज पर पड़ता है दुष्प्रभाव : विजय सिन्हा

नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि नशे की लत व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ सामाजिक और आर्थिक जीवन को भी प्रभावित करती है। इससे परिवारों में अनेक समस्याएं उत्पन्न होती हैं तथा समाज की प्रगति बाधित होती है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने, शिक्षा और खेलकूद जैसी सकारात्मक गतिविधियों में भाग लेने तथा अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की।

131 पौवा अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में अवैध शराब की बिक्री और परिवहन पर अंकुश लगाने बेमेतरा पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में साइबर सेल और नवागढ़ थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध शराब का परिवहन करते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 131 पौवा मसाला एवं अंग्रेजी शराब, कुल 23,580 मिलीलीटर, और परिवहन में प्रयुक्त बिना नंबर की मोटरसाइकिल जब्त की है। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 44,100 रुपये आंकी गई है। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. हरीश यादव, एसडीओपी बेमेतरा भूषण एक्का और एसडीओपी बेरला रुचि वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब, गांजा, नशीले पदार्थों, जुआ और सट्टा सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

- साइबर सेल और नवागढ़ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, शराब और बाइक सहित 44,100 रुपिए का मशरूका जब्त



मुखबिर की सूचना पर पकड़े गए आरोपी

17 अक्टूबर को नवागढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर अवैध शराब लेकर बिक्री के लिए नवागढ़ से बेमेतरा रोड की ओर जाने वाले हैं। सूचना के आधार पर साइबर सेल और नवागढ़ थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने नवागढ़-बेमेतरा मुख्य मार्ग पर घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संतोष साहू (32 वर्ष), निवासी नगधा और दरोगा बंजारे (22 वर्ष), निवासी छेरकापुर, थाना नवागढ़, जिला बेमेतरा के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने ग्राम झाल निवासी एक व्यक्ति से शराब खरीदकर लाना बताया। मामले में एक अन्य व्यक्ति की संलिप्तता भी सामने आई है। ▶▶| शेष पेज 11 पर

नवरात्रि के सातवें दिन अध्यात्म और कला का अद्भुत संगम

25 फीट ऊंचे शिवलिंग और नौ चैतन्य देवियों की अलौकिक झांकी देखने उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, बेमेतरा सेवा केंद्र में अध्यात्म और कला का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। सेवा केंद्र द्वारा सजाई गई 25 फीट ऊंचे भव्य शिवलिंग, आकर्षक गुफा और नौ चैतन्य देवियों की अलौकिक झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। नवरात्रि के सातवें दिन झांकी दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और नौ चैतन्य देवियों की आरती कर सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में समाधान कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल, डॉ. नेहा वर्मा, स्किन स्पेशलिस्ट डॉ. डुमेश, पत्रकार आनंद साहू और थानखमहरिया के व्यवसायी अनिल सिंघानिया सहित अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुए। अतिथियों ने भव्य शिवलिंग, गुफा और नौ चैतन्य देवियों की झांकी का अवलोकन किया। आकर्षक साज-सज्जा तथा ध्वनि एवं प्रकाश के समन्वय से तैयार झांकी श्रद्धालुओं को धार्मिक आस्था के साथ आध्यात्मिक अनुभूति करा रही है।

नौ चैतन्य देवियों की झांकी दे रही श्रेष्ठ संस्कारों का संदेशः नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना का विशेष महत्व है। देवी के विभिन्न स्वरूप शक्ति, साहस, पवित्रता, धैर्य और बुराइयों पर अच्छाई की विजय का संदेश देते हैं। ब्रह्माकुमारीज की ओर से प्रस्तुत झांकी के माध्यम से लोगों को अपनी आंतरिक शक्तियों को पहचानने और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रेरणा दी जा रही है। आयोजन का प्रमुख आकर्षण 25 फीट ऊंचा विशाल शिवलिंग है। इसके साथ बनाई गई गुफा और नौ चैतन्य देवियों के स्वरूपों की प्रस्तुति ने झांकी को विशेष रूप दिया है। आयोजन के माध्यम से भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और जीवन में श्रेष्ठ गुणों को अपनाने का संदेश दिया जा रहा है।

- गणमान्य अतिथियों ने की आरती; 21 अक्टूबर से नि:शुल्क राजयोग शिविर



बीके शशि बहन ने जिलेवासियों को दिया आमंत्रण

ब्रह्माकुमारीज बेमेतरा सेवा केंद्र की प्रभारी बीके शशि बहन ने जिलेवासियों, माताओं-बहनों, युवाओं और बच्चों को परिवार सहित झांकी दर्शन के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि केवल पूजा-अर्चना का पर्व नहीं, बल्कि स्वयं के भीतर की शक्तियों को पहचानने और अपनी कमजोरियों पर विजय प्राप्त करने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि जीवन में शांति, पवित्रता, प्रेम और सकारात्मक विचारों को अपनाने से परिवार एवं समाज में सद्भाव का वातावरण बनता है। आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग मेडिटेशन व्यक्ति को अपने विचारों को समझने तथा मन को शांत एवं स्थिर रखने में सहायक हो सकते हैं।

21 अक्टूबर से शुरू होगा सात दिवसीय नि:शुल्क राजयोग शिविर

ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र की ओर से जिलेवासियों के लिए 21 अक्टूबर 2026 से सात दिवसीय नि:शुल्क राजयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। बीके शशि बहन ने नागरिकों से शिविर में शामिल होकर आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग मेडिटेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आज की व्यस्त जीवनशैली में मानसिक तनाव, चिंता और नकारात्मक विचारों के बीच मन को शांत रखना महत्वपूर्ण है। राजयोग मेडिटेशन के नियमित अभ्यास से व्यक्ति आत्मचिंतन, सकारात्मक दृष्टिकोण और आंतरिक संतुलन विकसित करने की दिशा में प्रयास कर सकता है। उन्होंने जिलेवासियों से आग्रह किया कि वे नवरात्रि के अवसर पर भव्य शिवलिंग और नौ चैतन्य देवियों की अलौकिक झांकी के दर्शन करें तथा 21 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले सात दिवसीय नि:शुल्क राजयोग शिविर में सहभागिता कर आध्यात्मिक जीवन की ओर कदम बढ़ाएं।

निकाय कर्मियों को नहीं मिला सितंबर माह का वेतन, चार माह की पीएफ कटौती भी नहीं हुई जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग में अधिकारी-कर्मचारियों से जुड़ी वेतन एवं भविष्य निधि संबंधी समस्याओं को लेकर नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ, जिला दुर्ग ने आयुक्त महोदया को दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर शीघ्र निराकरण की मांग की है। संघ ने सितंबर 2026 माह का वेतन अब तक नहीं मिलने तथा जून, जुलाई, अगस्त एवं सितंबर 2026 के वेतन से कटौती की गई जीपीएफ और सीपीएफ राशि संबंधित कर्मचारियों के खातों में जमा नहीं होने पर चिंता जताई है। संघ के जिला अध्यक्ष राजूलाल चंद्राकार ने आयुक्त महोदया से आग्रह किया है कि कर्मचारियों की आर्थिक परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए दोनों मामलों में प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए।

शासन के आदेश के बावजूद वेतन भुगतान लंबित

संघ ने अपने ज्ञापन में छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के पत्र क्रमांक एफ 4-16/2009/18, दिनांक 10 अक्टूबर 2024 का स्पष्ट उल्लेख किया है। उक्त आदेश के माध्यम से नगरीय निकायों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रत्येक माह की 7 तारीख के स्थान पर 1 तारीख को वेतन भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद सितंबर 2026 का वेतन लंबित होने से कर्मचारियों को घरेलू खर्च, बच्चों की स्कूल फीस, चिकित्सा व्यय और बैंक ऋण की किश्तों के भुगतान में परेशानी हो रही है। समय पर बिजली बिल जमा नहीं कर पाने की स्थिति में विलंब शुल्क एवं सरचार्ज के रूप में अतिरिक्त आर्थिक भार भी उठाना पड़ सकता है।

वेतन भुगतान में देरी और जीपीएफ, सीपीएफ राशि जमा नहीं होने पर कर्मचारियों में बढ़ा असंतोष

जीपीएफ और सीपीएफ कटौती राशि जमा कराने की मांग

संघ ने दूसरे ज्ञापन में उल्लेख किया है कि नियमित अधिकारी-कर्मचारियों के जून, जुलाई, अगस्त एवं सितंबर 2026 के वेतन से जीपीएफ, सीपीएफ की राशि काटी गई है, लेकिन यह राशि अभी तक संबंधित कर्मचारियों के खातों में जमा नहीं की गई है। ज्ञापन के अनुसार, भविष्य निधि की राशि कर्मचारियों की दीर्घकालीन आर्थिक सुरक्षा एवं पारिवारिक आवश्यकताओं से जुड़ी होती है। विवाह कार्यक्रम, मकान की मरम्मत, स्वास्थ्य उपचार तथा अन्य बड़े पारिवारिक कार्यों के लिए नियमानुसार राशि आहरित करने की आवश्यकता पड़ने पर खातों में राशि जमा नहीं होने अथवा अद्यतन प्रविष्टि उपलब्ध नहीं होने से कर्मचारियों को कठिनाई हो सकती है। संघ ने मांग की है कि चारों महीनों की कटौती गई राशि का माहवार मिलान कराया जाए, लंबित राशि संबंधित खातों में तत्काल जमा की जाए तथा खातों की प्रविष्टियों का सत्यापन कर उन्हें अद्यतन किया जाए। साथ ही भविष्य में कटौती की गई राशि समय पर जमा कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।



कर्मचारियों को राहत दिलाना संघ की प्राथमिकता : राजूलाल चंद्राकार

जिला अध्यक्ष राजूलाल चंद्राकार ने कहा कि नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मचारी निगम की सफाई व्यवस्था, जलप्रदाय, विद्युत व्यवस्था, वाहन संचालन, कंप्यूटर संबंधी कार्यों तथा अन्य नागरिक सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में समय पर वेतन भुगतान और कर्मचारियों के वेतन से काटी गई भविष्य निधि की राशि संबंधित खातों में जमा होना आवश्यक है। संघ की प्रमुख मांगें सितंबर 2026 का लंबित वेतन सभी संबंधित नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों को शीघ्र जारी किया जाए, जून से सितंबर 2026 तक की जीपीएफ, ईपीएफ कटौती राशि संबंधित खातों में जमा कराई जाए तथा भविष्य में वेतन और भविष्य निधि संबंधी प्रक्रियाओं को समयबद्ध बनाया जाए।

खबर संक्षेप

से.-6 सोसाइटी की मतदाता सूची जारी, 27 तक दर्ज करा सकते हैं आपत्तियां

भिलाई। इस्पात कर्मचारी को ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड सेक्टर-6 के मतदाताओं की प्रथम सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग रायपुर के आदेश के अनुपालन में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी देवाशीष दास ने 16 अक्टूबर शुक्रवार को यह मतदाता सूची जारी की है। मतदाता सूची सोसायटी मुख्यालय रिसाली, पावर हाउस, नंदिनी और राजहरा शाखाओं के साथ-साथ संयुक्त आयुक्त सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक सहकारिता संस्थाएं, जनपद पंचायत कार्यालय, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित और प्रगति महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित सूचना पटल पर देखी जा सकती है। इस मतदाता सूची के संबंध में दावा या आपत्ति 27 अक्टूबर तक कार्यालयीन समय में सोसायटी के मुख्यालय-सहकारी सदन, एवेन्यू-ए, सेक्टर-06, भिलाई नगर में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अधिकृत वरिष्ठ सहायक चंचल प्रसाद तिवारी के पास लिखित रूप में सप्रमाण प्रस्तुत की जा सकती है। सदस्यों से प्राप्त सभी दावों एवं आपत्तियों का निराकरण रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा 28 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से सोसायटी के मुख्यालय में किया जाएगा। इसके पश्चात अंतिम सदस्य और मतदाता सूची के रूप में प्रकाशित किया जाएगा।

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

राजस्व प्रकरणों के निराकरण पर जोर, लापरवाही बरतने वाले पटवारियों पर की जाएगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण और आम नागरिकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह लगातार राजस्व कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की तथा अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने नामांतरण, फौती, बंटवारा, सीमांकन, धारणाधिकार, भूमि आवंटन और मुआवजा वितरण सहित विभिन्न राजस्व प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने लंबित मामलों के निराकरण में अनावश्यक देरी पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने समय-सीमा से बाहर लंबित फौती नामांतरण और बंटवारा प्रकरणों की समीक्षा की। इसके साथ ही ऑनलाइन रिकॉर्ड दुरुस्ती, नक्शा संशोधन, बटांकन और डीसीएस से संबंधित कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि समय-सीमा में पूरे किए जाने वाले राजस्व प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रहें। इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग करते हुए संबंधित अधिकारियों और मैदानी अमले से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली जाए।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि आदेश पारित होने के बाद रिकॉर्ड दुरुस्ती सहित संबंधित कार्यों का समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। कार्यों में अनावश्यक देरी करने वाले पटवारियों की प्रकरण क्रमांक सहित सूची तैयार कर जिम्मेदारी तय की जाए। लगातार लापरवाही बरतने और निर्देशों के बावजूद कार्य पूरा नहीं करने वाले पटवारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए निलंबन के प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए।

लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश



बैठक में नॉन जियो रिफरेंस खसरों की दुरस्ती पर दिया जोर

बैठक में नॉन जियो-रिफरेंस खसरों, नक्शा दुरुस्ती और बटांकन के लंबित मामलों को भी प्राथमिकता से पूरा करने पर जोर दिया गया। साथ ही, पटवारियों की अनुपलब्धता के कारण राजस्व कार्य प्रभावित न हों, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा तकनीकी बाधाओं के समाधान के लिए आवश्यक पत्राचार करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने खसरा सर्वे, पॉलीगन मैपिंग की समीक्षा की। उन्होंने बिना जियो-रिफरेंसिंग वाले खेतों की मौके पर जाकर सही पहचान करने और इस वर्ष धान लगाए गए छूटे हुए खेतों का प्राथमिकता से सर्वे करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को धान विक्रय में परेशानी न हो।

खेतों की वास्तविक जानकारी अपडेट करने के निर्देश

कलेक्टर ने खेतों की सही स्थिति और सीमाएं निर्धारित करने के लिए पटवारी, सरपंच, पंच, ग्राम कोटवार और भूमि स्वामियों का सहयोग लेने को कहा। तैयार किए गए नक्शों की जांच के बाद ही उन्हें डिजिटल क्रॉप सर्वे में दर्ज करने को कहा । इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री वीरेन्द्र सिंग, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, एसडीएम दुर्ग शहर प्रफुल्ल गुप्ता, एसडीएम दुर्ग ग्रामीण सोनाल डेविड, एसडीएम पाटन नीर निधि , एसडीएम धमधा अंजलि खलको, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, भू अधीक्षक, सहायक अधीक्षक उपस्थित थे।

पीवी एप में आ रही दिक्कतों का पटवारी कर रहे विरोध

बता दें कि पीवी एप में आ रही तकनीकी दिक्कतों को लेकर पटवारियों द्वारा विरोध दर्ज कराया गया है। राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के बैनरतले प्रदर्शन भी किया जा रहा है। पटवारियों ने बताया कि एप की व्यवहारिक समस्याओं का निराकरण नहीं किए जाने पटवारी पर की जा रही दमनात्मक करवाई की जा रही है। एप से कराए जा रहे फसल के भौतिक सत्यापन कार्य में आ रही विभिन्न व्यावहारिक एवं तकनीकी समस्याओं से पूर्व में ज्ञापन के माध्यम से शासन एवं विभाग को अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद अब तक उक्त समस्याओं का कोई ठोस एवं व्यावहारिक समाधान नहीं की गई है। वर्तमान में डिजिटल क्रॉप सर्वे, एग्री स्टेक पंजीयन, किसान पंजीयन, बकेट क्लेम, जनगणना प्रथम चरण, लघु सिंचाई संगणना, रेलवे सर्वे, एनएच सर्वे, आय, जाति, निवासी, स्वामित्व योजना सेवा संकल्पना शिविर, प्रोटोकॉल इत्यादि कार्यों को प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसके बावजूद प्रतिकूल एवं व्यवहारिक पीवी एप बहिष्कार करने के कारण बलौदा बाजार और गौरेला, पेंड्रा, मारवाही में पदाधिकारी एवं अन्य साथियों का ट्रांसफर, कारण बताओ नोटिस, महासमुंद जिले में पटवारी को निलंबित किया गया है, जो की अत्यंत खेद जनक है।

गौशालाओं को ग्रामोद्योग से जोड़कर महिलाओं को स्वावलंबी बनाने पहल



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

देश के व्यापारियों एवं व्यापारिक संगठनों के सबसे बड़े अखिल भारतीय संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की दुर्ग जिला इकाई कार्यालय में गौशालाओं को आत्मनिर्भर, आधुनिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रांत संघचालक बिसरा राम यादव के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक में गौशालाओं को ग्रामोद्योग से जोड़ने, आसपास की ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने, गौ-आधारित उत्पादों का प्रशिक्षण देने तथा गौशालाओं में नियमित हरे चारे की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की व्यापक कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। कैट दुर्ग जिला इकाई अध्यक्ष प्रकाश सांखला, महामंत्री प्रकाश गोलछा एवं महिला इकाई अध्यक्ष पायल जैन ने बताया कि गौशालाओं को केवल गौसंरक्षण तक सीमित न रखकर उन्हें ग्रामीण अर्थव्यवस्था, महिला उद्यमिता एवं स्वदेशी ग्रामोद्योग का सशक्त केंद्र बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इसके अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं को गोबर से दीपक, धूपबत्ती, हवन सामग्री, जैविक खाद, वर्मी कम्पोस्ट एवं अन्य उपयोगी गौ-आधारित उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण देने की योजना तैयार की गई है। इन उत्पादों के विपणन में स्थानीय व्यापारियों एवं व्यापारिक संगठनों का सहयोग लेने पर भी चर्चा हुई।

हत्या में फरार आरोपी पर इनाम घोषित

भिलाई। हत्या के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी पर पुलिस ने ईनाम घोषित किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि लुचकीपारा, वार्ड 07 दुर्ग निवासी रविदास मानिकपुरी हत्या के मामले में फरार चल रहा है। पुलिस ने इसके ऊपर दस हजार रुपए नगद घोषित किया है। आरोपी की पतासाजी एवं गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किया गया। पता नहीं चल मिलने पर आम नागरिकों से सहयोग नगद इनाम रखा गया था।गोपनीय तरीके से पुलिस ने तलाश करना शुरु किया। क्लू मिलने पर रविदास को पकड़ा गया।

जुनवानी में बनेगी पानी की नई टंकी, खम्हरिया से चिखली तक सड़क का होगा डामरीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



- वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन के प्रयासों से करोड़ों के कार्यों को मंजूरी

आगामी नगरीय निकाय चुनाव से ठीक पहले वैशालीनगर विधानसभा के विधायक रिकेश सेन के निरंतर प्रयासों और प्रभावी प्रस्तावों के फलस्वरूप राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय द्वारा करोड़ों रुपये के महत्वपूर्ण विकास कार्यों को हरी झंडी दे दी गई है। एक दिन पूर्व ही विधानसभा क्षेत्र के वार्ड-1 से 37 तक के लिए 9 करोड़ 41 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई थी, जिसके तुरंत बाद अब 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत 24 करोड़ 36 लाख रुपये से अधिक पेयजल एवं वायु गुणवत्ता सुधार के बड़े प्रोजेक्ट्स की अनुमति जारी कर दी गई है। चुनाव पूर्व मिली इन दोहरी स्वीकृतियों से समूचे वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह व हर्ष की लहर है। विधायक रिकेश सेन ने क्षेत्र के नागरिकों से किए अपने वादों को धरातल पर उतारते हुए शासन स्तर पर इन कार्यों को प्राथमिकता से स्वीकृत कराया है।

वार्ड-1 जुनवानी में 13.72 करोड़ की सौगात वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट को मिली है। जुनवानी एवं आसपास की कॉलोनियों, अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों में पानी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए 13 करोड़ 72 लाख 55 हजार रुपये की लागत से उच्च स्तरीय जलागार, संपवेल, राइजिंग मेन पाइप लाइन और पंप हाउस निर्माण किए जाएंगे। जुनवानी में 25 मीटर स्टेजिंग हाइट युक्त पानी टंकी निर्माण, राइजिंग मेन पाइप लाइन बिछाना, 66 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से जुनवानी के प्रस्तावित टैंक तक 4000 मीटर लंबी और 300 एमएम व्यास की पाइप लाइन से कॉलोनियों में जलापूर्ति विस्तार होगा।

सड़क किनारे लगेंगे पेवर ब्लॉक, अन्य कार्यों की भी स्वीकृति

66 एमएलडी प्लांट में नए टैंक हेतु एक्सक्लूसिव संप निर्माण एवं पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़कों की बहाली एवं पेवर ब्लॉक, नाली आदि कार्य होंगे। साथ ही 400 मीटर बाउंड्री वॉल, 70 एचपी पंपिंग मशीनरी तथा पंप हाउस निर्माण, वार्ड-1 से 37 के प्रमुख डामरीकरण कार्य वायु गुणवत्ता सुधार घटक के अंतर्गत कुल 10.64 करोड़ रुपये के डामरीकरण व सड़क नवीनीकरण कार्यों की स्वीकृति मिली है। खम्हरिया भाठा पानी टंकी से चिखली रोड माइल स्टोन स्कूल मुख्य मार्ग का डामरीकरण, वार्ड-4 नेहरू नगर पूर्व व्यावसायिक परिसर, कृष्णा डेयरी के आसपास तथा अन्य क्षेत्रों में डामरीकृत मार्गों का नवीनीकरण, वार्ड-7 अयप्पा नगर तथा राधिका नगर क्षेत्र में डामरीकरण, वार्ड-11 फरीद नगर मुरम खदान चौक के आसपास डामरीकरण, वार्ड-12 विवेकानंद नगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में शीतला तालाब के आसपास मार्गों का डामरीकृत नवीनीकरण, वार्ड 18 में 18 नंबर रोड में जीई रोड से सुभाष चौक तक एवं सुभाष चौक से जलेबी चौक तक सड़क डामरीकरण व रोड मार्किंग, वार्ड 20 वैशाली नगर, सुंदर नगर के आसपास डामरीकरण सहित अन्य कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

बसों का किराया बढ़ाया जाना जनता के साथ अन्याय : अलताफ अहमद

दुर्ग। मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष अलताफ अहमद कहा कि प्रदेश में बस किराये में की गई बेतहाशा बढ़ोतरी आम छत्तीसगढ़िया की जेब पर सीधा डाका है। उन्होंने कहा कि एक साल के भीतर दूसरी बार बस किराए में की गई बढ़ोतरी आभार सीधा जनता पर पड़ेगा जिसमें महिलाएं छात्र गरीब वर्ग किसान शामिल है। इस पर सरकार को पुनर्विचार कर जनता को राहत देना चाहिए। सरकार को चाहिए कि डीजल पर टैक्स कम करें और बसों का परमिट टेक्स रोड टेक्स कम करें जिससे बस मालिकों को भी राहत मिलेगी।

अलताफ अहमद ने कहा कि डीजल के दाम स्थिर होने के बावजूद किराया बढ़ाना समझ से परे है। पहले ही महंगाई, रसोई गैस के दाम, बिजली के बिल से जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने बिजली के दामों में भी भारी वृद्धि की है। कृषि के पंप की बिजली में भी की बढ़ोतरी की गई है। जबकि कांग्रेस की सरकार में 5 साल में केवल 2 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी और उस दौरान 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना लागू कर जनता को राहत दी गई थी। अब भाजपा सरकार ने बिजली के दाम में 31.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। प्रदेश में पटवारी तीन सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। पिछले वर्ष भी धान खरीदी शुरू होने पर पहले पटवारी हड़ताल पर गए थे। सरकार हड़ताल की नौबत क्यों आने देती है?

टाउनशिप के जर्जर व खाली भवनों में बढ़ी अराजकता बीएसपी करेगी जमींदोज, दुर्घटनाओं से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

कभी नीट एंड क्लीन और शांत माने जाने वाले टाउनशिप में अराजकता बढ़ रही है। बीएसपी के जर्जर और खाली पड़े भवनों और खंडहरों में असामामाजिक तत्वों का डेरा है। वहीं इनसे दुर्घटना का अंदेशा भी बना हुआ है। इसे देखते हुए अब भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा अनुपयोगी और और अनफिट क्वार्टरों को डिस्मेंटल किए जाने की मुहिम फिर से शुरु कर दी गई है। विशेष अभियान के दौरान सेक्टर 6 सहित अन्य क्षेत्रों के जर्जर ढांचों को गिराया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि जर्जर, क्षतिग्रस्त एवं लंबे समय से



अनुपयोगी भवनों तथा अन्य संरचनाओं के ध्वस्तीकरण सुरक्षा, संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम व परिसंपत्तियों का संरक्षण करने के साथ असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण लगाने के लिए की जा रही है।साठ साल पुराने बने कई भवन एवं संरचनाएं अत्यधिक जर्जर हो गई हैं तथा उपयोग के योग्य नहीं रह गई हैं। ऐसे भवनों में छत, दीवारों एवं अन्य हिस्सों के गिरने की आशंका बनी रहती है। इससे आसपास रहने वाले नागरिकों, राहगीरों तथा अन्य व्यक्तियों के लिए दुर्घटना का खतरा उत्पन्न हो सकता है।

किए जा रहे चिन्हित

खाली पड़े एवं अनुपयोगी भवनों का उपयोग असामाजिक तत्वों द्वारा अनधिकृत गतिविधियों के लिए किए जाने की आशंका भी रहती है। इससे क्षेत्र की सुरक्षा, स्वच्छता एवं सुव्यवस्था प्रभावित हो सकती है। बीएसपी प्रबंधन द्वारा ऐसे भवनों और संरचनाओं को चिह्नित कर उन्हें डिस्मेंटल करने की कार्रवाई की जा रही है। बीएसपी प्रबंधन ने नागरिकों से अपील करता है कि वे जर्जर एवं असुरक्षित घोषित भवनों तथा संरचनाओं के निकट जाने, उनमें प्रवेश करने अथवा उनका उपयोग करने से बचें।

समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित

घास भूमि पर कब्जा कर मकान निर्माण, हटाने के आदेश के बाद भी जारी है काम, हाउसिंग बोर्ड में मोबाइल टॉवर का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला कार्यालय के सभागार में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन दर्शन लगाया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोग शिकायत लेकर पहुंचे। उन्होंने जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 84 आवेदन प्राप्त हुए। इसी कड़ी पाटन तहसील के ग्राम बोदल में घास भूमि पर अतिक्रमण कर मकान निर्माण किए जाने की शिकायत की। ग्रामवासी ने शिकायत कर अतिक्रमण हटाने और निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की है। शिकायतकर्ता ने बताया कि घास भूमि के एक हिस्से पर कब्जा कर मकान निर्माण किया जा रहा है। इससे आम रास्ते की चौड़ाई कम होकर लगभग 3.4 मीटर रह गई है, जबकि पहले रास्ता करीब 20 फीट चौड़ा था। दोनों पक्षों के दस्तावेजों और पटवारी प्रतिवेदन के आधार पर अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया गया था। आदेश के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया और निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर दिया गया। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार पाटन को त्वरित कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश दिए।



मेड़ेसरा में नाले का बदल दिया रास्ता

ग्राम पंचायत मेड़ेसरा तहसील अहिवारा निवासी ने शासकीय नाले का रास्ता अवैध रूप से बदलने और शासकीय भूमि पर कब्जे की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि पुराने प्राकृतिक नाले का रास्ता बदलकर उसे छोटा कर दिया गया है तथा शेष भूमि पर खेती की जा रही है। इससे बारिश और बाढ़ का पानी खेतों में भरने से फसलों को नुकसान तथा खेतों की मेड़ों का कटाव हो रहा है। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार अहिवारा को मौके का जांच व नाप करवाकर अतिक्रमण पाए जाने पर कार्यवाही

हाउसिंग बोर्ड में विरोध के बाद भी लगाया जा रहा मोबाइल टॉवर

भिलाई के वार्ड क्रमांक 25 स्थित हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में मोबाइल टावर लगाने को लेकर मोहल्लेवासियों ने शिकायत की। स्थानीय निवासियों ने बताया कि पहले से ही छत पर मोबाइल टावर लगा हुआ है और अब वहां दोबारा टावर लगाने का काम किया जा रहा है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि उनकी अनुमति के बिना निर्माण कार्य किया जा रहा है। निवासियों ने मोबाइल टावर से निकलने वाले विद्युत चुंबकीय विकिरण के संभावित स्वास्थ्य प्रभावों को लेकर चिंता जताई। इस पर कलेक्टर ने ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। इस दौरान लोगों ने सफाई, पेयजल, आवास, पेंशन, श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड सहित अन्य विषयों से जुड़ी शिकायत भी की।

सुपेला अस्पताल की कमान डॉ. पियाम को

भिलाई। शासकीय लाल बहादुर शास्त्री सिविल अस्पताल सुपेला की कमान डॉ. पियम सिंह को फिर से दी गई है। यह आदेश लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अवर सचिव ने जारी किया है। कुछ दिन पहले ही डॉ. सिंह का तबादला उनके पूर्व आदेशित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हा बिलासपुर में किया गया था। बिल्हा से उन्हे फिर वापस सिविल अस्पताल सुपेला लाया गया है। डॉ. सिंह एक लंबे अरसे से सिविल अस्पताल सुपेला में बतौर प्रभारी जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उनके नेतृत्व में सुपेला अस्पताल में कई सुविधाएं जुटाई गई और स्वास्थ्य व्यवस्था में बदलाव आया था। सुपेला अस्पताल में कम चिकित्सकों की नियुक्ति के बावजूद मरीजों को बेहतर चिकित्सा मुहैया करवाने की वजह से जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा उन्हे लगातार जिम्मेदारी सौंपी जा रही है।

आस्था का पावन धामः तरीघाट में विराजमान स्वयंभू मां महामाया करती हैं हर मुराद पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

खारुन तट पर गूंजते हैं माता के जयकारे, त्रिमूर्ति दर्शन और नागदेवता की रक्षा प्रणाली बनी श्रद्धालुओं के विश्वास का आधार

खारुन नदी के तट पर बसे तरीघाट गांव का मां महामाया मंदिर धार्मिक परंपराओं, लोकविश्वास और पीढ़ियों से चली आ रही आस्था का प्रतीक है। नवरात्रि के अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और ज्योति कलश स्थापना की परंपरा निभाई जाती है। इन दिनों मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण रहता है और माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठता है। श्रद्धालु माता के समक्ष शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य, शांति और खुशहाली की कामना करते हैं।

एक ही स्थान पर तीन देवियों की त्रिमूर्ति, मंदिर की विशिष्ट पहचान

मां महामाया मंदिर की प्रमुख विशेषताओं में यहां मां महामाया, महालक्ष्मी और महासरस्वती की त्रिमूर्ति का विराजमान होना बताया जाता है। स्थानीय श्रद्धालु इस त्रिमूर्ति को स्वयंभू मानते हैं और इसे मंदिर की विशिष्ट धार्मिक पहचान से जोड़कर देखते हैं। माता के तीन स्वरूपों के प्रति भक्तों की गहरी श्रद्धा है। ग्रामीणों के अनुसार, मंदिर का महत्व केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है। गांव में किसी शुभ कार्य की शुरुआत हो, परिवार में कोई विशेष आयोजन हो या जीवन में कोई कठिन परिस्थिति आए, माता का स्मरण करना यहां की परंपरा का हिस्सा है।



नागदेवता को मंदिर का रक्षक मानते हैं ग्रामीण

मंदिर से जुड़ी स्थानीय मान्यताओं और जनश्रुतियों में नागदेवता का भी विशेष स्थान है। मंदिर के गुंबद पर नागदेवता की आकृति उकेरी गई है, जिसे ग्रामीण धार्मिक आस्था और संरक्षण के प्रतीक के रूप में देखते हैं। स्थानीय जनविश्वास के अनुसार, नागदेवता मंदिर की रक्षा करते हैं। मंदिर से जुड़े विशेष अवसरों पर नागदेवता के दर्शन होने की कथाएं भी ग्रामीणों के बीच प्रचलित हैं। पीढ़ियों से सुनाई जाती रही ये जनश्रुतियां मंदिर की धार्मिक परंपराओं को और विशिष्ट बनाती हैं।

धार्मिक आस्था के साथ ऐतिहासिक पहचान भी

तरीघाट गांव अपनी प्राचीन और पुरातात्विक पहचान के लिए भी जाना जाता है। खारुन नदी के किनारे स्थित इस गांव की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और धार्मिक परंपराएं इसे क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थलों में शामिल करती हैं। मां महामाया मंदिर इस विरासत का अहम हिस्सा है। मंदिर की स्थापत्य शैली, धार्मिक मान्यताएं और स्थानीय परंपराएं ग्रामीण जीवन में इसकी महत्ता को दर्शाती हैं। मंदिर के निर्माण में काले पत्थरों के इस्तेमाल और पारंपरिक निर्माण सामग्री को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चाएं होती रही हैं।

लोहे की जंजीर में बंधे शेर की रहस्यमयी कहानी : आज भी शेर को लोहे की जंजीर में बांधा गया है। बताया जाता है कि शेर रात होते ही दहाड़ मारते थे, जिससे गांव वाले रात के समय घर से नहीं निकलते थे। तब से शेर के एक पैर को जंजीर में बांधा गया है। आस्था, विश्वास और परंपरा का संगम बना मां महामाया मंदिर आज भी तरीघाट की पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। माता के प्रति ग्रामीणों की अटूट श्रद्धा, स्वयंभू त्रिमूर्ति से जुड़ी मान्यता और नागदेवता को रक्षक मानने की जनश्रुति इस मंदिर को विशिष्ट बनाती है। नवरात्रि में यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की आस्था इस बात का प्रमाण है कि बदलते समय के बावजूद गांव की धार्मिक परंपराएं आज भी लोगों के जीवन में गहरी जगह बनाए हुए हैं।

अंचल में विराजमान माता का स्वरूप



अंडा। नव युवक माँ अम्बे समिति ग्राम चिंगरी भाठापारा।



नवदुर्गा युवा समिति सुभाष चौक नंदकठी।



मां दुर्गा उत्सव समिति गोंड़ पारा नंदकठी।

तिरगा में आज सजेगी 'लोक रागिनी' की संगीतमय शाम

अंडा। ग्राम तिरगा में नवदुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में कुंवार नवरात्रि पर धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में 19 अक्टूबर (सोमवार) की रात्रि को 'लोक रागिनी' सांस्कृतिक संस्था (मरोदा भिलाई) की भव्य प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम का संचालन प्रधानमंत्री द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित सुप्रसिद्ध कलाकार रिखी क्षत्री करेंगे तथा मुख्य गायिका मालती निषाद अपने मधुर स्वरों से समां बांधेंगी। इसी दिन महाअष्टमी के पावन अवसर पर विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न होगा। नवदुर्गा उत्सव समिति तिरगा ने समस्त क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मातारानी का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

16 वर्षों की परंपरा में उमड़ा उत्साह, 2000 से अधिक विद्यार्थियों और अभिभावकों की सहभागिता

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में गरबा महोत्सव की धूम, 'मी एंड मॉम' थीम ने बांधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में आयोजित पारंपरिक गरबा महोत्सव में भारतीय संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और सामूहिक उल्लास की झलक देखने को मिली। विद्यालय की 16 वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत आयोजित इस महोत्सव में 2000 से अधिक विद्यार्थियों और अभिभावकों ने सहभागिता की। इस वर्ष आयोजन की थीम 'मी एंड मॉम' रखी गई, जिसने माताओं और बच्चों के बीच प्रेम, स्नेह और भावनात्मक जुड़ाव को विशेष रूप से सामने रखा।

रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक सजावट, पारंपरिक परिधानों और गरबा- डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे विद्यालय परिसर को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम में धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ी सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेता अनुज शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनुज शर्मा और विद्यालय संचालिका भावना बोहरा की उपस्थिति में मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य गिरीश कुमार, उपप्राचार्य शिवकुमार तिवारी, प्रधानाध्यापिका स्मृति शाही सहित शिक्षकगण और अभिभावक उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के साथ महोत्सव की शुरुआत हुई और पारंपरिक संगीत की धुनों के बीच प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बना।



पारंपरिक परिधानों में सजे प्रतिभागियों ने किया गरबा-डांडिया : विद्यालय परिसर को आकर्षक पंडालों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था। गरबा महोत्सव में विद्यालय की छात्राओं और उनकी माताओं के साथ बाहर से आई महिलाओं, युवतियों और बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

गरबा महोत्सव में 'नटखट कान्हा' और 'भोली राधा' की मनमोहक प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। पारंपरिक वेशभूषा में सजे बच्चों की प्रस्तुतियों को दर्शकों ने सराहा। इसके अलावा गरबा प्रदर्शन, परिधान और मां-बच्चे की संयुक्त प्रस्तुति जैसी विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन कर उन्हें सम्मानित किया गया।

'मी एंड मॉम' श्रेणी में शानवी गुप्ता और उनकी मां श्रीमती अंजू गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि एकस खुराना और उनकी मां नैनशी खुराना द्वितीय स्थान पर रहे। सर्वश्रेष्ठ गरबा प्रदर्शन श्रेणी में विहा गुम्बर, आर्या गुम्बर और उनकी मां श्रीमती दीप्ति गुम्बर ने प्रथम स्थान हासिल किया। अविकल आडिल और उनकी मां ज्योति आडिल को द्वितीय स्थान मिला। सर्वश्रेष्ठ गरबा परिधान श्रेणी में सानवी शर्मा और उनकी मां इंदु शर्मा प्रथम रहीं। वर्धान साहू और उनकी मां टारकेश्वरी साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विशेष सम्मान के तहत नीव माहेश्वरी को 'नटखट कान्हा' और दिवयंका राजपूत को 'भोली राधा' का खिताब दिया गया। वहीं, मां श्रेणी में प्रेरणा शर्मा को 'फेस ऑफ द इवनिंग' तथा बालिका श्रेणी में वैष्णवी चौबे को इसी सम्मान से नवाजा गया। सभी विजेताओं को उनके प्रदर्शन, आकर्षक परिधान और उत्साहपूर्ण सहभागिता के लिए सम्मानित किया गया।

परिवार संस्कारों की पहली पाठशाला : भावना बोहरा

विद्यालय संचालिका भावना बोहरा ने आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि गरबा महोत्सव केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि परंपराओं, पारिवारिक संबंधों और सामूहिक आनंद का उत्सव है। 'मी एंड मॉम' थीम ने आयोजन को विशेष भावनात्मक अर्थ दिया। माताओं और बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने यह संदेश दिया कि परिवार संस्कारों की पहली पाठशाला होता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ संस्कृति, अनुशासन, संवेदनशीलता और पारिवारिक मूल्यों से भी जोड़ना है। उन्होंने सभी अभिभावकों, विद्यार्थियों, शिक्षकों और आयोजन से जुड़े सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

संस्कृति से जुड़ाव के साथ पारिवारिक मूल्यों को बढ़ावा देना जरूरी : अनुज शर्मा

मुख्य अतिथि अनुज शर्मा ने गरबा महोत्सव की भव्यता, विद्यार्थियों की प्रतिभा और अभिभावकों की सहभागिता की सराहना की। उन्होंने कहा कि गरबा भारतीय संस्कृति, आस्था और परंपराओं का प्रतीक है, जो समाज को एकता और सद्भाव के सूत्र में बांधता है। 'मी एंड मॉम' जैसी थीम पर आयोजित महोत्सव माताओं और बच्चों के बीच प्रेम, विश्वास और भावनात्मक जुड़ाव को मजबूत करने का अच्छा माध्यम है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के साथ पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक एकता की भावना विकसित करने में भी सहायक होते हैं। उन्होंने सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई दी। विद्यालय के प्राचार्य गिरीश कुमार ने कहा कि गरबा भारतीय परंपरा, भक्ति और सामूहिक सहभागिता का सुंदर प्रतीक है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने के साथ परिवार और समाज के साथ मिलकर उत्सव मनाने की सीख देते हैं।

स्टूडेंट को दिए गए सफलता के मूल मंत्र

उतई। दाऊ उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय मचांदुर के कैरियर गाइडेंस सेल द्वारा महाविद्यालय में करियर गाइडेंस एवं पोषक शाला संपर्क संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मचांदुर के विद्यार्थी एवं शिक्षकगण आमंत्रित थे। शुरुआत में छात्र-छात्राओं द्वारा आपदा प्रबंधन पर निर्मित मॉडल प्रदर्शनी का अवलोकन अतिथियों ने किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात करियर के विषयों चयन के बारे में जानकारी दी गई। आयोजनकर्ता डॉ. नीलम एवं डॉ. कल्याणी ने क्रमशः विज्ञान समूह, कला तथा वाणिज्य समूह के विषय चयन के लाभों पर प्रकाश डालते हुए कई बिंदुओं पर व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. संगीता मैहुरिया ने दिया। विकास कुमार दांडेकर ने विद्यार्थियों को अपने करियर में सफलता प्राप्त करने हेतु (सपने देखना, लक्ष्य निर्धारित करना, रुचि पैदा करना, कड़ी मेहनत करना) चार मूल मंत्र साझा किए। पूजा सोनी ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने संबंधी गुर सिखाए। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक नीलम संजीव एक्का, मुकेश सिन्हा, जागृति चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित हुए। वर्षा वर्मा ने आभार व्यक्त किया।

पेज 9 का शेष

ग्रामीण प्रतिभाओं ...

दिशा और अवसर मिलने पर खिलाड़ी बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों का सफर यहीं नहीं रुकेगा और आगे भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रयास जारी रहेंगे। खिलाड़ियों की इस स्वर्णिम उपलब्धि पर विद्यालय के समस्त स्टाफ ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चार स्वर्ण पदकों की यह सफलता क्षेत्र के अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनी है।

त्योहारों से पहले ...

जानकारियां ली गईं। पुलिस ने सभी को कानून व्यवस्था बनाए रखने, आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने और पुलिस के निर्देशों का पालन करने की सख्त हिदायत दी।

जिले में 64 निगरानी और 67 गुंडा बदमाश दर्जः पुलिस के अनुसार, जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में कुल 64 निगरानी बदमाश और 67 गुंडा बदमाश दर्ज हैं। इनमें से 21 निगरानी बदमाशों और 21 गुंडा बदमाशों के साथ आबकारी के पांच से अधिक प्रकरणों वाले 13 व्यक्तियों को चेकिंग के लिए उपस्थित कराया गया। अभियान के तहत बेमेतरा, नवागढ़, नांदघाट, दाढ़ी, साजा, परपोड़ी, बेरला और चंदनू थाना क्षेत्रों सहित मारो, खंडसरा, देवकर, कंडरका एवं संबलपुर चौकी क्षेत्रों के संबंधित व्यक्तियों की चेकिंग की गई।

मुखबिर की सूचना ...

आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 14,100 रुपये कीमत की 131 पौवा शराब और 30,000 रुपये कीमत की मोटरसाइकिल जब्त की है। कुल जब्त मशरूका की कीमत लगभग 44,100 रुपये है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

पुलिस टीम की रही अहम भूमिकाः कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, थाना प्रभारी नवागढ़ निरीक्षक दुलेश्वर चंद्रवंशी, प्रधान आरक्षक विजय शुक्ला एवं हेमंत साहू, साइबर सेल के आरक्षक नुरेश वर्मा, जयकिशन साहू एवं यशवंत यादव तथा नवागढ़ थाना के आरक्षक ओंकार निर्मलकर सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

नशामुक्त भारत का ...

नशा करना ही है तो जिम्मेदारी और कर्तव्य के प्रति समर्पण का करें : एसपीः कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नशा करना ही है, तो जिम्मेदारी और कर्तव्यों के प्रति समर्पण का नशा करें। नशे को कहें ना। उन्होंने कहा कि नशे की लत व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने के साथ उसके परिवार और समाज को भी प्रभावित करती है। नशे के कारण युवाओं का भविष्य प्रभावित होता है और कई बार वे अपराध की ओर भी अग्रसर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का सामूहिक दायित्व है। अभिभावकों, शिक्षकों, युवाओं और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ही नशामुक्त समाज का निर्माण संभव है। एसपी ने नागरिकों से अवैध मादक पदार्थों के कारोबार की जानकारी पुलिस को देने और नशामुक्ति अभियान में सहयोग करने की अपील की।

ओडिशा से छत्तीसगढ़ होते हुए आगे बढ़ रही रैलीः राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली में ओडिशा पुलिस दल के निरीक्षक समर सिंह और विकास किशोर प्रधान सहित बाइक राइडर्स शामिल हैं। छत्तीसगढ़ पुलिस दल का नेतृत्व रवींद्र गिरी कर रहे हैं। विभिन्न राज्यों से गुजर रही यह रैली राष्ट्रीय एकता, अखंडता, देशभक्ति, सामाजिक सद्भाव और नशामुक्ति का संदेश दे रही है। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. हरीश यादव, एसडीओपी भूषण एक्का, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, सिटी कोतवाली थाना प्रभारी सोनल ग्वाला, साइबर सेल प्रभारी मयंक मिश्रा सहित पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा शिक्षक-शिक्षिकाओं, एनसीसी कैडेट्स, स्कूली छात्र-छात्राओं, मीडिया प्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने भी सहभागिता निभाई। बेमेतरा पुलिस ने नागरिकों से नशे के खिलाफ अभियान में सहयोग करने, युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने और अवैध मादक पदार्थों के कारोबार की सूचना पुलिस को देने की अपील की।

महिला शक्ति को संगठित कर सामाजिक एकता मजबूत करने पर जोर

सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंच ने किया दुर्ग संभाग का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

समाज की एकजुटता, महिला सशक्तीकरण और सामाजिक गतिविधियों को नई दिशा देने के उद्देश्य से सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंच ने दुर्ग संभाग में संगठन विस्तार की पहल की है। पूर्व विधायक लक्ष्मण प्रसाद वैद्य के निवास पर आयोजित बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के साथ वैवाहिक परिचय सम्मेलन, संगठन के कोष की मजबूती और जिला स्तरीय भगवान परशुराम जयंती समारोह के आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान नई पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपकर संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने पर जोर दिया गया।

बैठक में दुर्ग संभाग के संगठन विस्तार के तहत शिल्पा शुक्ला को संभाग उपाध्यक्ष, श्रद्धा शर्मा एवं अंकिता तिवारी को महासचिव, महिमा तिवारी को सचिव, खुशबू शर्मा को सह सचिव, सरिता तिवारी को संगठन सचिव तथा शशि किरण मिश्रा को प्रचार सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, रिंकी शर्मा को बेमेतरा नगर उपाध्यक्ष बनाया गया। नई नियुक्तियों के माध्यम से संगठन की गतिविधियों को व्यापक बनाने और समाज की महिलाओं को सामाजिक कार्यों से जोड़ने की दिशा में काम करने पर जोर दिया गया।



सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाने पर जोर

महिला मंच की प्रदेश उपाध्यक्ष नविता शर्मा ने संगठन विस्तार को सामाजिक एकजुटता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने और समाजहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। प्रदेश महासचिव सुधा दीवान ने संगठन को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा सामाजिक कार्यक्रमों को सुनियोजित ढंग से संचालित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने वैवाहिक परिचय सम्मेलन को समाज के परिवारों के लिए उपयोगी पहल बताते हुए ऐसे आयोजनों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष उमा तिवारी ने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसकी एकजुटता और सक्रियता में है। सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करते हुए समाज की महिलाओं को संगठन से जोड़ना चाहिए, ताकि सामाजिक गतिविधियों को और प्रभावी बनाया जा सके। वहीं, शिल्पी शर्मा ने संगठन विस्तार को समाजहित में सकारात्मक कदम बताते हुए सामाजिक कार्यों में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने और सामूहिक प्रयासों से संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया।

समाज के पदाधिकारियों की रही मौजूदगी : बैठक में सर्व ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष डॉ. शिरीष शर्मा, प्रदेश सचिव विकास धर दीवान, संभाग महासचिव शेषकुमार तिवारी, संभाग सचिव राजकुमार शर्मा, निवेदिता तिवारी, प्रभादेवी शर्मा एवं अपराजिता शुक्ला उपस्थित रहे। महिला मंच की ओर से प्रदेश सचिव दीप्ति शर्मा, प्रदेश सह सचिव सरला दीवान, प्रदेश संगठन सचिव आरती मिश्रा एवं नगर उपाध्यक्ष करुणा तिवारी भी शामिल हुईं।

खोपली पंचायत के विकास कार्यों को लेकर विधायक ललित से मिला प्रतिनिधिमंडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

ग्राम पंचायत खोपली के सर्वांगीण विकास के संबंध में सरपंच मंजू फत्तेलाल वर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर से सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सरपंच एवं पंचों ने गांव की मुख्य सड़कों के सीमेंटीकरण, नाली निर्माण, जल निकासी, महतारी सदन, शुद्ध पेयजल आपूर्ति एवं स्ट्रीट लाइट लगाने जैसी मूलभूत मांगों का मांग पत्र सौंपा। विधायक ललित चंद्राकर ने सभी विषयों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए और आश्वस्त किया कि पंचायत के विकास में राशि की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर उपसरपंच देवेंद्र भारती, पंच रंजना वर्मा, संगीता पटेल, कुमारी बाई, सिलोचना सिरमौर, गोदावरी देशलहरे, फूलमत सोनवानी, जानकी साहू, दामिनी साहू, कमलेश्वरी साहू, रमेश वर्मा, गजेंद्र चंद्राकर आदि मौजूद थे।

- सरपंच मंजू फत्तेलाल वर्मा के नेतृत्व में सौंपी गई मांगों की सूची

पाटन नगर पंचायत को 1.36 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

नगर पंचायत पाटन के ऑडिटोरियम परिसर (वार्ड क्र. 03) में आयोजित एक भव्य समारोह में 1 करोड़ 36 लाख 3 हजार की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत नगर की स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया गया।

- सांसद बघेल और भाजपा प्रदेश मंत्री वर्मा रहे मुख्य अतिथि

समारोह के मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल थे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा, जिला पंचायत सभापति नीलम राजेश चंद्राकर एवं जिला भाजपा उपाध्यक्ष हर्षा लोकमनी चंद्राकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश (निक्की) भाले ने की। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष निशा योगेश सोनी, सभापति केवलचंद देवांगन, भाजपा मंडल अध्यक्ष रानी केशव बछोर, मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) हेमंत कुमार वर्मा, उप अभियंता प्रवीण कुमार साहू, पार्षदगण, एल्डरमैन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन संतोष शर्मा ने किया।



खबर संक्षेप

प्रेम प्रसंग के विवाद में युवती के मंगेतर पर मिर्च पाउडर डालकर धारदार हथियार से वार

भिलाई। प्रेम संबंध एवं आधार कार्ड को लेकर उपजे विवाद के दौरान आरोपी द्वारा युवक पर जानलेवा हमला करने की घटना सामने आई है। 15 अक्टूब की रात लगभग 9:30 बजे शिवपुरी क्षेत्र में आरोपी ने युवक की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर धारदार हथियार से वार किया। हमले में घायल युवक को तत्काल एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया तथा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु दुर्ग रेफर किया गया। थाना जामुल पुलिस ने घायल एवं गवाहों के कथन दर्ज कर घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार जब्त किया। मामले में अमित कुमार बंजारे ने जामुल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि घटना दिनांक को वह अपनी प्रेमिका किरण गुप्ता के साथ आरोपी दीपक गुप्ता के पास पहुंचा था। किरण द्वारा अपने प्रेमी से विवाह के लिए आधार कार्ड की आवश्यकता के संबंध में आरोपी से आधार कार्ड मांगे जाने को लेकर विवाद की स्थिति बनी थी। इसी दौरान आरोपी दीपक गुप्ता ने नया मकान दिखाने की बात कहकर अमित को शिवपुरी क्षेत्र की ओर ले गया। वहां आरोपी ने युवक की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर हत्या करने की नीयत से अपने पास रखे धारदार हथियार से वार किया।

पारिवारिक विवाद के कारण पिता की हत्या में बेटे को आजीवन कारावास

दुर्ग। पाटन न्यायालय ने पिता की हत्या के मामले में बेटे को आजीवन कारावास से दंडित किया। गाड़ाडीह में दिवाली के दौरान परिवार में हुए विवाद के बाद चुन्नी लाल यदु के सिर में गंभीर चोट आई थी। इलाज के दौरान 29 अक्टूबर 2025 को उनकी मौत हो गई थी। अपर सत्र न्यायाधीश दुलार सिंह निर्मलकर ने फैसला सुनाया। आरोपी डोमन लाल यदु (42) को धारा 103 के तहत दोषी ठहराया। अदालत ने उस पर 1,000 रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना नहीं चुकाने पर उसे पांच महीने का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। प्रकरण के अनुसार घटना 21 अक्टूबर 2025 को ग्राम गाड़ाडीह में हुई थी। आरोपी डोमन लाल यदु, मृतक चुन्नी लाल यदु का बेटा है। परिवार के सदस्य एक ही मकान में अलग-अलग कमरों में रहते थे और आंगन साझा था।

दुर्ग से बस्तर तक ट्रेन कनेक्टिविटी, मेमू हफ्ते में 6 दिन

भिलाई। सांसद विजय बघेल के प्रयासों से बड़ी सौगात मिली है, जिसमें रायपुर से दुर्ग होकर रावघाट तक नई मेमू ट्रेन के परिचालन प्रमुख है। रेलवे ने जारी की नई मेमू पैसेंजर ट्रेन (68768/68769) की समय-सारणी, सप्ताह में 6 दिन चलेगी ट्रेन, बस्तर अंचल के दूरस्थ क्षेत्रों की राजधानी रायपुर और भिलाई-दुर्ग से सीधे जुड़ेगी कनेक्टिविटी, व्यापार और रोजगार को मिलेगा नया आयाम मिलेगा। सांसद विजय बघेल के भगीरथ प्रयासों के फलस्वरूप क्षेत्र की जनता को एक ऐतिहासिक सौगात मिली है। सांसद बघेल द्वारा केंद्रीय रेल मंत्री को बस्तर और दुर्ग संभाग की रेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर भेजे गए पत्र को तुरंत संज्ञान लेते हुए, रेल मंत्रालय ने रायपुर से रावघाट (वाया दुर्ग) नई मेमू रेल गाड़ी संख्या 68768/68769 के परिचालन की स्वीकृति प्रदान कर दी है। रेलवे प्रशासन इसकी आधिकारिक समय-सारणी भी जारी कर दी है।

पर्व : वैदिक परंपराओं के साथ सुख-समृद्धि, शांति और सामाजिक सद्भाव का दिया संदेश

नवरात्रि पर पतंजलि योग समिति ने किया यज्ञ-हवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर पतंजलि योग समिति बेमेतरा की ओर से शासकीय महाविद्यालय परिसर में यज्ञ-हवन का आयोजन किया गया। इसमें लोक कल्याण, सुख-समृद्धि, शांति और जनमानस के मंगल की कामना करते हुए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां अर्पित की गईं। कार्यक्रम में समिति के सदस्यों और गणमान्य नागरिकों ने यज्ञ-हवन में भाग लेकर समाज और राष्ट्र की खुशहाली की कामना की। इस दौरान वैदिक परंपराओं में यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सकारात्मक विचारों, आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक सद्भाव को जीवन में अपनाने का संदेश दिया गया। आयोजन में उपस्थित लोगों ने नवरात्रि पर्व को आध्यात्मिक जागरण, सेवा और लोक कल्याण का अवसर बताते हुए समाज में शांति, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार पर जोर दिया।

इस अवसर पर उमाशंकर साहू, संतराम साहू, चितरेखा ठाकुर, होरीलाल सिन्हा, राकेश टेक सिंह वर्मा, सतीश नामदेव, नेतराम साहू, रामजी गोस्वामी, नरेंद्र साहू, दुर्गेश पटेल, एमजी प्रकाश राव, विनोद सिंह राजपूत, डॉ. ध्रुव नारायण नायक, नितेश साहू, सुरेंद्र साहू और गौरव साहू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

21 वर्षों से विराजित मां मन्नतों वाली

बेमेतरा। सिंधी कॉलोनी में सिंध दुर्गोत्सव समिति द्वारा विराजित मां मन्नतों वाली की भव्य प्रतिमा और आकर्षक पंडाल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। पिछले 21 वर्षों से अनवरत आयोजित हो रहा दुर्गोत्सव धार्मिक आस्था, सामाजिक एकजुटता और भाईचारे की मिसाल पेश कर रहा है। यहां दुर्गा पूजा के साथ आयोजित धार्मिक प्रश्नोत्तरी भी श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण बनी हुई है। शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता रानी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

समिति के सदस्य नारायण छाबड़ा ने बताया कि पिछले 21 वर्षों से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। आकर्षक साज-सज्जा से सुसज्जित पंडाल में माता रानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सद्भाव और सामूहिक सहभागिता का प्रतीक बन चुका है।

धार्मिक प्रश्नोत्तरी में पांच प्रतिभागियों ने जीते पुरस्कार: दुर्गोत्सव के दौरान आयोजित धार्मिक प्रश्नोत्तरी लोगों में धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ा रही है। प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार प्रदान किए जा रहे हैं। अब तक पांच प्रतिभागी पुरस्कार जीत चुके हैं। सप्तमी के दिन छोटी बालिका सिया मोटवानी ने कठिन धार्मिक प्रश्न का सही उत्तर देकर आकर्षक पुरस्कार अपने नाम किया। कम उम्र में सटीक उत्तर देकर पुरस्कार जीतना आयोजन का विशेष आकर्षण रहा।



हर घर से मिलता है माता की सेवा में सहयोग: सिंध दुर्गोत्सव समिति की खासियत यह है कि समाज के हर घर से माता रानी की सेवा में सहयोग मिलता है। सामूहिक भागीदारी और अपनत्व की भावना से आयोजित यह उत्सव वर्षों पुरानी धार्मिक परंपरा को आगे बढ़ाने के साथ नई पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ रहा है। आयोजन के माध्यम से समाज में आपसी भाईचारे और एकजुटता का संदेश भी दिया जा रहा है।

अष्टमी पर हवन, कन्या भोज और आम लंगर

नारायण छाबड़ा ने बताया कि सोमवार, 19 अक्टूबर को सुबह 9:30 बजे हवन-पूजन प्रारंभ होगा। इसके बाद दोपहर में कन्या भोज और रात्रि में आम लंगर का आयोजन किया जाएगा। समिति ने सभी धार्मिक कार्यक्रमों की तैयारियां पूरी कर ली हैं।

सिंदूर खेला के बाद रामलीला और रावण वध

मंगलवार को माता रानी की विदाई से पूर्व बंगाली परंपरा के अनुसार सिंदूर खेला का आयोजन किया जाएगा। इसमें सुहागिन महिलाएं माता रानी को सिंदूर अर्पित कर एक-दूसरे को सिंदूर लगाएंगी और अखंड सौभाग्य एवं पति की दीर्घायु की कामना करेंगी। वहीं, रात्रि 7 बजे से रामलीला का मंचन किया जाएगा। इसके बाद रावण वध के साथ विजयादशमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। आस्था, परंपरा और सामाजिक एकजुटता का संगम बना सिंधी कॉलोनी का यह दुर्गोत्सव 21 वर्षों से श्रद्धालुओं को जोड़ रहा है। मां मन्नतों वाली के दरबार में दर्शन के साथ धार्मिक प्रश्नोत्तरी और विविध धार्मिक कार्यक्रम उत्सव को विशेष पहचान प्रदान कर रहे हैं।

पिपरिया में नवोदय टेस्ट परीक्षा में शामिल हुए 250 विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



नवोदय विद्यालय में प्रवेश का सपना देख रहे विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन देने और वास्तविक परीक्षा

- शिक्षकों ने दिए सफलता के टिप्स, 25 अक्टूबर को केहका में होगी अगली परीक्षा

का अनुभव कराने के उद्देश्य से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पिपरिया में 17 अक्टूबर को नवोदय टेस्ट परीक्षा आयोजित की गई। इसमें बेमेतरा सहित कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और दुर्ग जिले के लगभग 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। आयोजन प्रधान पाठक डोगेंद्र वर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। परीक्षा के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को ओएमआर शीट भरने की सही प्रक्रिया, प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने, समय प्रबंधन और परीक्षा में होने वाली सामान्य गलतियों से बचने के तरीके बताए। साथ ही नियमित अभ्यास, आत्मविश्वास और सही रणनीति के साथ तैयारी करने के लिए प्रेरित किया।

नवोदय चयन में साजा विकासखंड की अहम भागीदारी: प्रधान पाठक डोगेंद्र वर्मा ने कहा कि नियमित मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से नवोदय विद्यालय में चयन का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि बेमेतरा जिले में नवोदय विद्यालय की कुल 80 सीटों में से लगभग 50 प्रतिशत सीटों पर साजा विकासखंड के विद्यार्थियों का चयन होना क्षेत्र के शिक्षकों के सतत प्रयासों और समर्पण को दर्शाता है। इस उपलब्धि में डोगेंद्र वर्मा (पिपरिया), देवराम साहू (चोरभट्ठी), मुकेश वर्मा (भरदालोधी) और दीपिका वर्मा (खैरी) सहित अन्य शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। शिक्षक रामदत्त साहू ने भी विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के संबंध में उपयोगी सुझाव दिए। परीक्षा के सफल संचालन में शिक्षक देवराम साहू, मुकेश वर्मा, रामदत्त साहू, खुमान साहू, लोकेश साहू, रूपेश सपरे, राजेश वर्मा, नारायण मरावी, धनसिंह धुर्वे और विश्वेश्वर साहू सहित अन्य शिक्षकों ने सहयोग किया।

25 अक्टूबर को केहका में होगी अगली टेस्ट परीक्षा

पालकों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की परीक्षाओं से बच्चों को वास्तविक परीक्षा का अनुभव मिलता है। इससे आत्मविश्वास बढ़ने के साथ अपनी तैयारी का आकलन करने का अवसर भी मिलता है। नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से अगली टेस्ट परीक्षा 25 अक्टूबर, रविवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केहका में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। आयोजकों ने विद्यार्थियों और पालकों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर परीक्षा में शामिल होने की अपील की है।

नवागढ़ में सांस्कृतिक संध्या में बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा, मंत्री दयाल दास बघेल हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



नवागढ़ बस स्टैंड में आयोजित मां दुर्गा उत्सव की सांस्कृतिक संध्या में स्वामी विवेकानंद स्कूल के नन्हे-

- मां दुर्गा उत्सव में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां, धार्मिक आस्था के साथ दिखा सांस्कृतिक उल्लास

मुन्ने विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों के उत्साह, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक प्रतिभा से कार्यक्रम स्थल भक्तिमय और उल्लासपूर्ण माहौल में सराबोर रहा। आयोजन में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री एवं नवागढ़ विधायक दयाल दास बघेल भी शामिल हुए। मां दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित इस सांस्कृतिक संध्या में बच्चों ने अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनकी प्रस्तुतियों को उपस्थित जनसमूह ने सराहा। कार्यक्रम ने बच्चों को मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देने के साथ ही उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति रुचि विकसित करने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में मंत्री दयाल दास बघेल की उपस्थिति रही। आयोजन के माध्यम से धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं के साथ बाल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का प्रयास सामने आया। ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी कला प्रदर्शित करने का मंच देने के साथ सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सांस्कृतिक संध्या के दौरान मां दुर्गा से बच्चों के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना की गई। मां दुर्गा उत्सव समिति का यह आयोजन धार्मिक श्रद्धा, सांस्कृतिक विरासत और नन्हे कलाकारों की प्रतिभा के संगम के रूप में सामने आया।

एनएमएमएस छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए 23 तक स्कूलों में जमा करें आवेदन, 12 दिसंबर को होगी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के शासकीय, अनुदान प्राप्त और स्थानीय निकायों के स्कूलों में कक्षा आठवीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए

- चयनित विद्यार्थियों को चार साल तक हर महीने मिलेंगे 1,000 रुपए

छात्रवृत्ति पाने का अच्छा अवसर है। राष्ट्रीय साधन-सह-प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएस) 2026-27 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को कक्षा नौवीं से बारहवीं तक हर महीने 1,000 रुपये यानी सालाना 12,000 रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी। इस तरह विद्यार्थियों को चार वर्षों में कुल 48,000 रुपये की छात्रवृत्ति मिल सकती है।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बेमेतरा के प्राचार्य जेके घृतलहरे ने बताया कि एनएमएमएस परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को निर्धारित समय-सीमा में आवेदन करना होगा।

स्कूल में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर है। स्कूलों से जिला केंद्र में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 27 अक्टूबर और पोर्टल पर ऑनलाइन एंट्री की अंतिम तिथि 10 नवंबर निर्धारित की गई है। परीक्षा 12 दिसंबर, शनिवार को आयोजित होगी।

छत्तीसगढ़ को 2,246, बेमेतरा जिले को केवल 68 सीटें

एनएमएमएस योजना के तहत केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के लिए कुल 2,246 सीटें निर्धारित की हैं, जबकि बेमेतरा जिले को मात्र 68 सीटें मिली हैं। ऐसे में जिले के हजारों विद्यार्थियों के बीच छात्रवृत्ति पाने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा रहती है। इस परीक्षा में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित शासकीय, अनुदान प्राप्त और स्थानीय निकायों के स्कूलों में कक्षा आठवीं में नियमित रूप से अध्ययनरत विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। पात्रता के लिए कक्षा सातवीं में सामान्य एवं ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों को कम से कम 55 प्रतिशत अंक तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

इसके साथ ही विद्यार्थी के माता-पिता की सभी स्रोतों से वार्षिक आय 3.50 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। जवाहर नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, निजी स्कूलों तथा आवासीय छात्रावास की सुविधा वाले स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी इस परीक्षा के लिए पात्र नहीं हैं। इसके अलावा, एक विद्यार्थी को केवल एक ही छात्रवृत्ति का लाभ मिल सकता है। समय रहते सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ फॉर्म जमा करें।

स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, मरीजों को फल वितरण और स्वच्छता दीदियों का सम्मान

सेवा और समर्पण के साथ मनाया नपा अध्यक्ष विजय का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



बेमेतरा। नगर पालिका परिषद बेमेतरा के अध्यक्ष विजय सिन्हा का जन्मदिन सेवा, समर्पण और जनकल्याण के संदेश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरण, वृद्धजनों का सम्मान और स्वच्छता दीदियों के सम्मान सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सिद्ध शक्ति मां कालिका मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। वहीं, विजय सिन्हा ने नगर के विभिन्न दुर्गा पंडालों में पहुंचकर मां दुर्गा के दर्शन किए और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। जन्मदिन पर भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

स्वच्छता अभियान से हुई दिन की शुरुआत: जन्मदिन के अवसर पर सुबह स्वच्छता अभियान चलाकर नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। इसके बाद सिद्ध शक्ति मां कालिका मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया। पर्यावरण संरक्षण और नगर में हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से किए गए इस प्रयास के माध्यम से लोगों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा दी गई। जन्मदिन के अवसर पर जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए गए। इस दौरान उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। वहीं, वृद्धजनों का सम्मान कर उनके अनुभव, मार्गदर्शन और समाज के प्रति योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से जरूरतमंदों की सेवा और बुजुर्गों के प्रति सम्मान का संदेश दिया गया। नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली स्वच्छता दीदियों का सम्मान कर उनके कार्यों की सराहना की गई। जन्मदिन के अवसर पर भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों और शुभचिंतकों ने विजय सिन्हा से मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। समर्थकों ने उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए जनसेवा के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने की शुभकामनाएं दीं।

पहला ऋण 15 हजार, दूसरे में 25 हजार और तीसरी बार 50 हजार रुपए तक का प्रावधान

पीएम स्वनिधि योजना का लाभ पाने भटक रहे पथ विक्रेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया



छोटे कारोबारियों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और उनके व्यवसाय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित पीएम स्वनिधि योजना का लाभ थान खम्हरिया नगर पंचायत क्षेत्र के पथ विक्रेताओं तक अपेक्षित रूप से नहीं पहुंच पा रहा है। जागरूकता के अभाव और आवेदन प्रक्रिया में मार्गदर्शन की कमी के चलते ठेले, रेहड़ी, फेरी और अस्थायी दुकान लगाकर आजीविका चलाने वाले कई छोटे व्यवसायी योजना से वंचित हैं। ऐसे में योजना के प्रचार-प्रसार और पात्र हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी पहल की जरूरत महसूस की जा रही है।

सब्जी, फल, चाय-नाश्ता, कपड़े, किताब, गुपचुप और मोमोज सहित दैनिक उपयोग की वस्तुएं बेचकर परिवार का भरण-पोषण करने वाले छोटे व्यापारी कार्यशील पूंजी के अभाव में कारोबार बढ़ाने में कठिनाइयों का सामना करते हैं। केंद्र सरकार की इस योजना का उद्देश्य ऐसे व्यवसायियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है, लेकिन स्थानीय स्तर पर इसकी जानकारी का अभाव योजना के उद्देश्य पर सवाल खड़े कर रहा है। पिछले वर्ष लोक कल्याण मेले के माध्यम से बेमेतरा जिले के नगरीय क्षेत्रों में पीएम स्वनिधि योजना के तहत विशेष अभियान चलाया गया था। इसमें नए आवेदनों की ऑनलाइन प्रक्रिया, लंबित प्रकरणों का निराकरण, डिजिटल ऑनबोर्डिंग और पथ विक्रेताओं की प्रोफाइलिंग जैसे कार्य किए गए थे। इसके बावजूद योजना का लाभ लेने के इच्छुक कई छोटे कारोबारियों को अब भी पर्याप्त जानकारी और मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय स्तर पर प्रचार-प्रसार की कमी तथा आवेदन प्रक्रिया को लेकर असमंजस के कारण पथ विक्रेताओं को परेशानी हो रही है। नगर पंचायत, बैंक और लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से नियमित जागरूकता अभियान चलाकर पात्र हितग्राहियों को योजना से जोड़ने की आवश्यकता है।

पहली बार 15 हजार, दूसरी बार 25 हजार का ऋण

पीएम स्वनिधि योजना के संशोधित प्रावधानों के तहत प्रथम ऋण की राशि 10 हजार से बढ़ाकर 15 हजार रुपये तथा द्वितीय ऋण की राशि 20 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रुपये की गई है। वहीं, तीसरी बार ऋण लेने पर 50 हजार रुपये तक की राशि का प्रावधान है। योजना का उद्देश्य छोटे कारोबारियों को कारोबार बढ़ाने के लिए पूंजी उपलब्ध कराना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इसके अतिरिक्त डिजिटल लेनदेन को प्रोत्साहित करने के लिए यूपीआई से जुड़ी क्रेडिट सुविधा का भी प्रावधान किया गया है। हालांकि, योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और उपलब्ध सुविधाओं की सही जानकारी नहीं होने से छोटे व्यवसायियों को इसका लाभ लेने में कठिनाई हो सकती है। जागरूकता शिविर लगाने की जरूरत योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए नगर पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित करने, पथ विक्रेताओं की पहचान करने, आवेदन भरने में सहायता देने और बैंक स्तर पर लंबित प्रकरणों का निराकरण कराने की जरूरत है। इससे छोटे कारोबारियों को आर्थिक सहयोग मिल सकेगा और वे अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकेंगे। नगर पंचायत प्रशासन की पहल से योजना के प्रति जागरूकता बढ़ने के साथ ही पात्र पथ विक्रेताओं को इसका लाभ मिलने की उम्मीद है।

